वैशाख कृष्ण पक्ष-4, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 311 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 अप्रैल 2024 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
38 अधिकतम
24 न्यूनतम



Page- 7

### भाजपा और कांग्रेस के लिए फिर कमर कसेंगे मोदी-शाह, राहुल व प्रियंका

# चंबल में निर्णायक लड़ाई, दूसरे का मर्म समझा, तीसरे चरण के लिए जंग तेज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में लोकसभा चुनाव के दो दौर हो जाने तथा बारह सीटों पर मतदान के बाद भी मतदाता का ठंडापन सत्ताधारी दल भाजपा को मथने लगा है। मुख्यमंत्री व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने देर रात भी इसे लेकर काफी माथापच्ची की है। दूसरे चरण में करीब नौ फीसद कम मतदान से कांग्रेस भी कुछ साफ कहने की स्थिति में नहीं रही है। इसीलिये अब पूरा जोर तीसरे चरण में नौ सीटों पर मतदान में झोंकने का फैसला हो गया है। भाजपा की तरफ से पीएम मोदी व अमित शाह के अलावा कुछ और नेताओं के दौरे सभा होंगे वहीं कांग्रेस की तरह से राहुल और प्रियंका गांधी दोनों ही ग्वालियर व चंबल अंचल में सक्रिय होंगे। सचिन पायलट की भी राजस्थान से सटे मप्र के इलाकों व खासकर भिंड मुरैना में सक्रियता बढाई जाएगी। अभी दोनों चरणों में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के सिर्फ 2 ही दौरे हुए हैं। जबकि पीएम मोदी व अमित शाह के करीब दर्जनभर दौरे हो चुके हैं। बताया जा रहा है कि आगामी 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 2 अप्रैल को प्रियंका गांधी की भी मुरैना क्षेत्र में सभा होंगी। कांग्रेस की सारी आस ही तीसरे चरण के मतदान पर है।जबकि भाजपा को भी अहसास है कि ग्वालियर-चंबल संभाग की सीटों पर बढत से ही मिशन 29 को साधा जा सकता है। हालांकि दूसरे दौर में सतना,रीवा,होशंगाबाद में मतदान आंकडों पर भाजपा उलझन में है। ज्ञात हो कि तीसरे चरण में 7 मई को भिंड़, मुरैना, ग्वालियर, राजगढ, गुना, सागर, विदिशा,भोपाल व बैतूल में मतदान होगा।



### सीएम आज ग्वालियर में, कांग्रेस चंबल में

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शिवपुरी एवं गुना के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. यादव प्रातः 11.20 बजे शिवपुरी जिले के करेरा विधानसभा, दोपहर 12.20 बजे कोलारस विधानसभा और दोपहर 1.30 बजे गुना जिले के बामोरी विधानसभा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस नेता जीतू पटवारी,अरूण यादव, गोविंद सिंह और रामनिवास रावत आज भिंड व ग्वालियर क्षेत्र में चुनावी सभा व दौरे कर रहे हैं।

### क्यों घर बैठ रहा मतदाता

जानकार सूत्र बताते हैं कि भाजपा खेमे में इस बात पर मंथन हो रहा है कि शुरूआती उत्साह के बाद मतदाता घर से बाहर क्यों नहीं निकल रहे हैं। कल भी दूसरे दौर के मतदान में शुरूआत में रफ्तार बहुत तेज रही थी लेकिन बाद में मतदाता बूथ से नदारद रहे। भाजपा का प्रयास है कि उसके सभी कार्यकर्ता व समर्थक मतदान करें। भाजपा को यह भी आशंका है कि उसके कोर वोटर्स कहीं कहीं उत्साहित नहीं हैं। उधर कांग्रेस भी अपने कैडर का शत प्रतिशत मतदान कराने की कोशिश कर रही है लेकिन मतदान प्रतिशत इसमें आशंका पैदा कर रहा है। कांग्रेस के वार रूम में मतदान के आंकडों का विश्लेषण हो रहा है।

## क्षत्रियों की नाराजगी से उलझन में भाजपा, पुरषोत्तम रूपाला बोले- मेरी गलती की सजा मोदी को क्यों

**अहमदाबाद, एजेंसी।**

गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार पुरषोत्तम रूपाला की एक टिप्पणी से भडका क्षत्रिय समाज भजपा के लिये परेशानी का सबब है। लिहाजा फिर रूपांला ने समुदाय से माफी मांगी है। रूपाला ने कहा, 'गलती मैंने की थी, सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी है। मेरा कोई गलत इरादा नहीं था, मैंने क्षत्रिय समुदाय के बीच में जाकर क्षमा याचना की, उन्होंने मुझे प्रतिसाद भी दिया, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी का विरोध किसलिए?' उल्लेखनीय है कि काफी समय से इस टिप्पणी पर क्षत्रिय संगठन भड़के हुए हैं तथा रूपााला का टिकट निरस्त करने की मांग कर रहे हैं लेकिन भाजपा ने उन्हें चुनाव मैदान में बनाए रखा है। अब



रूपाला ने कहा है कि 'आप अपने राष्ट्र के योगदान को याद करें, बीजेपी के विकास में भी आपका बड़ा योगदान याद रहा है। 18 घंटे काम कर करने वाले पीएम जब देश के अलावा कुछ ना सोच रहे हों, तो उनका विरोध मेरी वजह से क्यों? मेरी गलती मैं स्वीकार करता हूं. लेकिन पीएम मोदी के खिलाफ क्षत्रिय समुदाय को खड़ा कर देना मुझे सही नहीं लगता। क्षत्रिय समुदाय मांग कर रहा है कि या तो 69 वर्षीय रूपाला स्वेच्छा से लोकसभा चुनाव से हट जाएं या भाजपा उनका टिकट रद्द कर दे।

### मायावती रविवार को मुरैना में संबोधित करेंगी चुनावी सभा

मुरैना। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश की पूर्व मु यमंत्री मायावती रविवार को मुरैना-श्योपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश चन्द्र गर्ग के समर्थन में यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगीं। बसपा सूत्रों के अनुसार मायावती रविवार दिन में मुरैना के मेला ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगीं। सभा में ग्वालियर और भिंड लोकसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी भी मौजूद रहेंगे।



### पहाड़गंज में पैरामिलिट्री फोर्स पहुंची

## होटल में 70 से पाकिस्तानियों के ठहरने पर हड़कंप, घेराबंदी



**नई दिल्ली , एजेंसी।**

बीती रात दिल्ली पुलिस में उस समय हडकंप मच गया जब खुफिया एजेंसी को सूचना मिली कि पहाड?ंज स्थित टुडे इंटरनेशनल होटल में 60 से 70 पाकिस्तानी रुके हुए हैं। इसके चलते सुरक्षा एजेंसी भी अलर्ट हो गई। पूरे होटल के सामने व चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस बल में पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात किया गया। सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। शुरुआती जांच के बाद पता लगा कि कुछ संदिग्ध गतिविधियां हो रही है। इसके बाद सूचना मिली थी कि टुडे इंटरनेशनल होटल में पाकिस्तानी काफी मात्रा में पाकिस्तानी ठहरे हुए हैं।

भारी संख्या में होटल में पाकिस्तानी नागरिकों के रुके होने से कई सवाल खड़े होते हैं। क्या सुरक्षा एजेंसी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि इतनी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक होटल में ठहरे हुए हैं, क्या यह पाकिस्तानी अवैध रूप से आए हैं। पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन का कहना है कि यह पाकिस्तानी डेलिगेशन है, जो निजामुद्दीन दरगाह के लिए आया हुआ है। इसके बावजूद कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब यह डेलिगेशन आया है तो दिल्ली पुलिस के पास इसकी पहले से जानकारी क्यों नहीं थी।

## 60 फीट खाई में गिरी बस



**बुरहानपुर, एजेंसी।**

आज सुबह यहां एक यात्री बस 60 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। रॉयल ट्रेवल्स की यह बस इंदौर से महाराष्ट के अकोला जा रही थी। हादसा शाहपुर थाना क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ।सभी सभी घायलों को 9 एम्बुलेंस से बुरहानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल सभी ही हालत खतरे से बाहर है। पुलिस इस बात की जांच भी कर रही है की बस का परमिट था या नहीं।

## 'तारक मेहता..' के रोशन सोढ़ी पांच दिन से गायब

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

टीवी के पॉपुलर कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले एक्टर गुरचरण सिंह के गायब होने की चर्चा है। पांच दिन से यह एक्टर लापता हैं। ऐसे में उनके परेशान पिता ने दिल्ली पुलिस में उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कारवाई है। अब बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज हाथ लगी है। फुटेज में गुरुचरण सिंह को रात के 9 बजकर 14 मिनट पर दिल्ली के पालम इलाके में परशुराम चौक पर पैदल कहीं जाता हुआ देखा जा सकता है। उनकी पीठ पर बैग है। आज दिल्ली पुलिस गुरचरण सिंह की बैंक डिटेल्स खंगालेगी, जिससे दिल्ली पुलिस को कई सुराग हाथ लग सकते हैं। गुरचरण के पिता का कहना है कि 22 अप्रैल से गुरचरण सिंह लापता हैं। पुलिस को उन्होंने सारे डॉक्यूमेंट्स दे दिए हैं, जिससे उन्हें गुरचरण को ढूंढने में मदद मिल सके। बताया जाता है कि गुरचरण सिंह, 22 अप्रैल की अलसुबह मुंबई के लिए निकले थे। सुबह साढ़े 8 बजे उनकी दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट थी, लेकिन उन्होंने फ्लाइट नहीं ली और मुंबई नहीं पहुंचे।




### राहुल पर विवादित टिप्पणी कर फंसे विधायक

**पलक्कड़ , एजेंसी।**

केरल में एलडीएफ के विधायक पीवी अनवर के राहुल गांधी पर दिए बयान के बाद सियासी तूफान आ गया है। अनवर ने राहुल को निचले-स्तर का नागरिक बताते हुए उनका 'डीएनए टेस्ट' कराने की मांग की थी। बढ़ते विवाद के बीच, विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अनवर ने पलक्कड़ की चुनावी सभा में कहा था, मैं वायनाड का पार्ट हूं, जो कि राहुल गांधी का क्षेत्र है। मैं उनका सरनेम गांधी नहीं बुला सकता। वह इतनी निचले-स्तर के नागरिक बन गए हैं, जो कि गांधी सरनेम से बुलाए जाने लायक नहीं है।



### आर्मी अस्पताल में भी रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट



**नई दिल्ली।** आर्मी हॉस्पिटल आरआर के यूरोलॉजी विभाग ने रोबोटिक ट्रांसप्लांट की एक नई शुरुआत की है। सर्जरी के साथ, दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल के बाद एएचआरआर देश का दूसरा सरकारी अस्पताल बन गया है जिसने रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट प्रोग्राम शुरू किया है। हवलदार भोजराज सिंह की पत्नी अनीता (33) का आर्मी हॉस्टिपल आरआर में सफल रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। रेजिमेंट हवलदार ने ही पत्नी को किडनी दी है। इस सर्जरी का नेतृत्व यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख कर्नल अमित शाह ने किया था

## योगी के चूरन पर शिवपाल बोले संतों के कपड़े पहनने वालों को कथाज्ञान नहीं

**लखनऊ।** उप्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इन दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव व शिवपाल यादव से जुबानी जंग के चर्चे हैं। योगी के 'चूरन' वाले बयान पर शिवपाल ने अब कहा है कि 'मुख्यमंत्री कपड़े तो संतो के पहनते हैं लेकिन उन्हें संतो जैसा ज्ञान नहीं है, एक योगी की भाषा गलत नहीं होनी चाहिए। उन्हें यह भी नहीं मालूम कि सत्यनारायण भगवान की कथा में चूरन नहीं प्रसाद वितरित होता है।' दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जसवंतनगर में शिवपाल को 'बिचारा' कह दिया था. योगी ने कहा, 'मुझे असहाय शिवपाल यादव पर दया आती है. समाजवादी पार्टी में उनकी भूमिका उस व्यक्ति की तरह है, जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और फिर वहां वितरित चूरन खाता है।' वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अपने एक्स हैंडल से हिंदी में किए एक पोस्ट में लिखा, 'वसूली को चंदा कहने वाले, अब प्रसाद को चूरन कह रहे हैं. कभी ये छियालिस में छप्पन वाली उल्टी गणित समझाते हैं



**मेट्रो एंकर**

### सरकार के कुछ नियमों को लेकर बढ़ रही है अनबन

# व्हाट्सएप बोरियाबिस्तर समेटने तैयार मैसेज का सोर्स बताने पर बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत सरकार के नियमों से टेक कंपनियों को दिक्कतें होने लगी हैं और मामला पलायन जैसा बनता नजर आ रहा है। दरअसल टेक कंपनियों पर सरकार 2021 से ही शिकंजा कस रही है। सरकार का कहना है कि भारत में बिजनेस करना है तो सभी टेक कंपनियों को सरकार के नियमों का पालन करना होगा। इसी से कंपनियों को दिक्कत है। कुछ मामलों में यह दिक्कत जायज भी मानी जा रही है। ताजा मामला व्हाट्स एप का है। इसमें और सरकार की अनबन अब आरपार वाली हो गई है। खास बात यह है कि भारत सरकार और व्हाट्सएप के बीच यह विवाद साल 2021 से चल रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह पूरा मामला आईटी नियम 2021 से जुड़ा है। उस दौरान जब संशोधित आईटी नियम लागू हुआ तो उसमें यह कहा गया कि सोशल मीडिया कंपनियों को मैसेज के सोर्स की जानकारी देनी होगी। मेटा के स्वामित्व वाले इंस्टैंट मल्टीमीडिया मैसेजिंग एप ने इसका विरोध किया। व्हाट्स एप ने कहा कि यह संभव नहीं है। विवाद बढ़ने पर यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट में पहुंचा और आज तीन साल बाद भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है।

### ताजा विवाद क्या है?

अब व्हाट्स एप की तरफ से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा गया है कि वह अपने प्लेटफॉर्म के एन्क्रिप्शन को नहीं तोड़ेगी। यदि कंपनी को ऐसा करने के लिए मजबूर किया जाएगा या दबाव डाला जाएगा तो वह भारत से चले जाना पसंद करेगी। दरअसल मेटा ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 4(2) को चुनौती दी है जिसमें यह प्रावधान है कि सोशल मीडिया कंपनी किसी खास मैसेज के पहले सेंडर की जानकारी दे यानी सबसे पहले किसी मैसेज को किसने भेजा इसकी जानकारी देनी होगी। आईटी नियम के मुताबिक यदि किसी मैसेज पर कोई विवाद या हिंसा होती है तो कंपनी को यह बताना होगा कि सबसे पहले उस मैसेज को किसने भेजा जिस पर विवाद या हिंसा हुई।



टेक कंपनियों पर सरकार 2021 से ही शिकंजा कस रही है।



## तेजस्वी कार्यक्रम

*भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के सर्वज्ञ विकास के लिए तेजस्वी कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके चलते आज शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आनंद नगर में तेजस्वी कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुशीला पंवार ने बताया कि छात्रों की प्रतिभा को निखारने एवं उनका रोजगार पर शिक्षा से जोड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है यह मध्यप्रदेश शासन की बहुत ही सराहनीय पहल है इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया एवं खान-पान में भी अपने हुनर दिखाएं।*





# सरकारी अस्पतालों में पहुंची अमानक दवाएं, एसीएस करेंगे जांच

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र मानव अधिकार आयोग ने प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाएं पहुंचने सहित भोपाल जिले के तीन मामलों में संज्ञान लिया है। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाएं पहुंचाने के मामले में आयोग ने अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग से प्रकरण के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाएं बांटने का मामला सामने आया है। साल 2023 में स्वास्थ्य विभाग ने अमानक पाये जाने पर 28 कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया था। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि दवाओं की सप्लाई से पहले सरकारी लैब में टेस्टिंग हो तो यह स्थिति न बने।

## मामला काटजू अस्पताल का, प्रसव के बाद बिगडी तबीयत




## ऑपरेशन के बाद प्रसूताओं में बड़ा संक्रमण

भोपाल शहर के काटजू अस्पताल और अन्य जिलों के अस्पतालों में जिन महिलाओं का ऑपरेशन से प्रसव हो रहा है उनमें ऑपरेशन होने के कुछ देर बाद महिलाओं को कपकंपाती ठंडक लगने, टांके में सूजन आने एवं टांके के पकने का संक्रमण फैलने का मामला सामने आया है। मामले में आयोग ने आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल से प्रकरण की जांच कराकर किये गये उपायो की जांच कराकर तीन सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है। साथ ही दवाओं की गुणवत्ता की भी जानकारी मांगी है। इसके साथ ही भोपाल शहर के वार्ड नंबर-46 में शिवाजी नगर स्थित माचना कॉलोनी में लोगों के घरों के नल में सीवेज मिला पानी आने का मामला सामने आया है। आयोग ने आयुक्त, नगर निगम से जवाब मांगा है।

### मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई आग, जांच शुरू

# बीयू भौतिकी विभाग के एसी में ब्लास्ट से आग, सामान जलकर हुआ खाक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के एक कमरे में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां मौजूद कंप्यूटर, दस्तावेज, फर्नीचर सहित अन्य सामान कुछ मिनट में ही जलकर खाक हो गए। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किए और करीब आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि इस दौरान वहां विभागाध्यक्ष सहित अन्य लोग भी थे, जो अचानक आग भड़कने पर समय रहते बाहर आ गए। जिसके बाद तत्काल में सिक्योरिटी इंचार्ज ने सभी गार्ड्स को विभाग में बुलाया और पास में मौजूद पानी से उसे आग करीब आधे घंटे में बुझाया जा सका। मामले में एनएसयूआई नेता रवि परमार ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। परमार का कहना है कि भौतिकी विभाग में लगी आग का कारण संदिग्ध प्रतीत होता है, क्योंकि इस मामले की सूचना ना ही पुलिस को दी गई और ना ही अग्निशमन विभाग को, आग बुझा भी दी गई, जिसमें बताया जा रहा है की कई महत्त्वपूर्ण रिकॉर्ड नष्ट हुए हैं।



**एनएसयूआई ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग, कहा- आग का कारण संदिग्ध**

## सुबह करीब 10:30 बजे की घटना

जानकारी के अनुसार, घटना शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे की है। अचानक एसी में तेजी से उसमें एक ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद तुरंत ही आग कमरे में चारों तरफ फैल गई। इधर मामले में बीयू प्रबंधन जवाब देने से बच रहा है। जब बीयू प्रबंधन से बात करनी चाही तो किसी ने फोन नहीं उठाया।



# किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया युवक, किया दुष्कर्म

### आजीवन कारावास, आरोपी पर न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में 6 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट आर. एम. भगवती की अदालत ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर साथ ले जाने और जबरन दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय ने आरोपी पर अलग-अलग धाराओं में 6 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा की गई है। लोक अभियोजक के अनुसार, 22 जून 2021 को शाम को 7 बजे पीड़िता बिना बताये घर से कहीं चली गई थी। जिसके बाद पीड़िता के माता-पिता ने थाने में बेटी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को जब पीड़िता मिली तो पीड़िता ने बयान दिए कि

## स्टेशन छोड़कर हो गया गायब

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दूसरे दिन आरोपी अनस उसे हबीबगंज स्टेशन पर ले गया और थोड़ी देर में आने का बोलकर वहां से चला गया। जिसके बाद पीड़िता 2 दिनों तक आरोपी का इंतजार करती रही, इस दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने स्टेशन पर घूमने का कारण पूछा और पीड़िता को पुलिस थाने ले गया। जिसके बाद पुलिस ने पीड़िता के माता-पिता का सूचना दी ।

आरोपी अनस मंसूरी उसके पिता की दुकान पर सामान लेने के लिए आता था। इस दौरान उसकी आरोपी से दोस्ती हो गई थी। एक दिन जब पिता ने बात करते हुए देखा तो डांटा। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी को पूरी बात बताई। जिसके बाद आरोपी ने उसे सभी दस्तावेज और सामान, कपडे लेकर 10 नंबर मार्केट पर बुलाया और वहां से अपने घर ले गया। आरोपी ने इस दौरान उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया।

# जीवन में सफलता के लिए चेतन भगत ने बताए 11 नियम, युवाओं से की चर्चा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्कोप ग्लोबल स्किल्स विवि (एसजीएसयू) के मिसरोद स्थित स्कोप कैंपस में वार्षिकोत्सव 'स्किल्स फ्यूजन फेस्ट -2024' का शुभारंभ हुआ। इसमें सेलिब्रिटी ऑथर और मोटिवेशनल स्पीकर चेतन भगत का सेशन मुख्य आकर्षण रहा। उन्होंने अपनी बातचीत के दौरान युवाओं से बात करते हुए 11 नियमों का जिक्र किया, जिनका यदि लोग ध्यान रखें तो अपने जीवन में सफल होने के साथ सुखी भी रह सकते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में उनके साथ स्कोप स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, वाइस चांसलर डॉ. अजय भूषण, रजिस्ट्रार डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स एवं रजिस्ट्रार डॉ. विजय सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। फ्यूजन फेस्ट पर बात करते हुए चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने सभी छात्रों को मोटिवेट किया और बड़ी संख्या में पार्टिसिपेट करने की बात कही। वाइस चांसरल डॉ. अजय भूषण ने कहा कि हमने प्रतियोगिताओं में स्किल्स का फ्यूजन किया है जिसके चलते ये अधिक रोचक हैं और छात्रों की प्रतिभागिता को बढ़ाने में सहायक होंगी। वहीं डॉ. रजिस्ट्रार सीतेश कुमार कुमार सिन्हा ने कहा कि स्किल फ्यूजन फेस्ट के जरिए कौशल आधारित अनूठे फेस्ट की शुरुआत की गई है जो मनोरंजक होने के साथ रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक भी है।

## कुछ गलतियां समय रहते ठीक करें, सफलता मिलेगी

इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं से बातचीत में चेतन भगत ने बताया, लोग सोचते हैं कि पैसा आने का बाद लाइफ जीएंगे या पैसा आ जाएगा तो बस सब कुछ अच्छा ही अच्छा होगा। पर ऐसा होता नहीं है। क्योंकि पैसा सम्भालना अपने आप में कठिन काम बन जाता है और व्यक्ति पैसे को मैनेज करने एवं बैलेंस करते करते ही परेशानियां खड़ी कर लेती है।

## संतनगर में आज भाजपाइयों की बैठक जनसंपर्क करेंगे आलोक



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी प्रत्याशी आलोक शर्मा के प्रचार में किस तरह काम करना है, इसे तय करने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने यहां बैठक की। 27 अप्रैल को शर्मा संतनगर में जमीनी प्रचार में उतरेंगे।

बीजेपी उम्मीदवार का संतनगर जनसंपर्क वार्ड तीन भौंरी से शुरू होगा, वे जनसंपर्क के दौरान आरा मशीन रोड, इंदिरा नगर, संजय नगर साधु वासवानी कॉलेज, हिरदाराम हॉल वन ट्री हिल्स , प्रेमचंदानी मार्ग पुलिस चौकी, संस्कार स्कूल के पास से बोरबंद पार्क के गेट के पास से गुजरते हुए डॉक्टर कृष्णानी हॉस्पिटल के पास समर्थन की अपील करेंगे। मेन रोड पशु चिकित्सालय के पास जनसंपर्क का समापन होगा।

बैठक में विधायक शर्मा ने कहा हुजूर से सबसे बड़ी जीत हमारा लक्ष्य है। हर कार्यकर्ता को अब मतदान के दिन तक पार्टी के लिए काम करना है। जनसंपर्क के दौरान व्यवस्था संबंधी जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को बांटी गईं। बता दे विधायक शर्मा बूथ स्तर पर बैठकें कर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। साथ ही पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क जारी है।

## सेवासदन को किशनचन्द का नेत्र दान

**हिरदाराम नगर।** शाहजहांनाबाद, भोपाल निवासी 86 वर्षीय किशनचंद आहूजा का देहावसान 25 अप्रैल 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र हरीश आहूजा ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । किशनचंद आहूजा के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2104 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।



**मेट्रो एंकर**

### पूज्य सिंधी पंचायत ने किया सम्मान

# 12वीं की बोर्ड परीक्षा में मैरिट में आई मुस्कान का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने 12वीं की मैरिट में आने वाली छात्रा मुस्कान आवतानी का सम्मान किया। मुस्कान आनंदराम टी शाहानी स्कूल की छात्रा हैं।

पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा मुस्कान की सफलता संतनगरी की शान बढ़ाई है। निश्चित रुप से उनका सीए बनने का भी सपना साकार होगा। नव युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष आसूदो लच्छवाणी ने बताया कि इनकी सफलता में परिषद का भी बड़ा योगदान रहा है।

पंचायत महासचिव माधू चांदवानी व गुलाब जेठानी ने कहा कि संत हिरदाराम नगर में प्रतिवर्ष किसी न किसी स्कूल की छात्रा मेरिट लिस्ट में आती है यह संत नगर के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर कु0 मुस्कान का शाल, श्रीफल व फूल मालाओं से सम्मान किया गया व बधाई दी गयी।



सम्मान करने वालों में उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नंद कुमार दादलानी, जगदीश आसवानी, सचिव मोहन मीरचंदानी, सहसचिव जेठानंद मंगतानी आडिटर हरीश मेहरचंदानी, फैसला बोर्ड संयोजक राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, नारायणदास सबनानी, राजन धनवानी, कन्हैया नागदेव, तुलसी सदारंगानी, हीरो आडवाणी आदि शामिल है। कार्यक्रम का संचालन माधू चांदवानी व आभार मोहन मीरचंदानी ने प्रकट किया।

### दूसरे चरण के मतदान के बाद अब राजनीतिक दलों में बेचैनी बढ़ी

# मप्र में अब मतदान का अगला दौर अहम हुआ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** दूसरे चरण के मतदान के बाद मप्र में राजनीतिक दलो की दौड़ भाग और तेज होने के आसार हैं, क्योंकि दूसरे चरण में भी मतदान संतोषजनक नहीं रहा है,बल्कि यह पहले दौर के मुकाबले में काफी गिर गया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीती रात भाजपा कार्यालय में संगठन के नेताओं के साथ बैठक र मतदान प्रतिशत पर मंथन किया। कांग्रेस भी क्षेत्रवार मतदान के आंकडों से अनुमान लगा रही है। उधर आज मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत प्रदेश कांग्रेस के नेता भी सघन चुनावी दौरे पर हैं। यादव शिवपुरी एवं गुना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पन्ना व भोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान देवास, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल बडवानी, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह भोपाल में चुनावी संपर्क में जुटे हैं। उप्र के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मोर्य भिण्ड, दतिया व ग्वालियर में हैं। वहीं कांग्रेस नेता जीतू पटवारी व अरूण यादव भिंड के दौरे पर हैं।



प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय के साथ मध्यप्रदेश में लोकसभा के द्वितीय चरण के आज हुए मतदान की समीक्षा की।

### संगठन को सक्रिय करने के प्रयास

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महमंत्री अजय जामवाल ने भीकनगांव व खरगोन विधानसभा क्षेत्र की प्रबंधन समिति एवं कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि पीएम ने हर बूथ पर 370 नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का मंत्र दिया है। अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में मतदान कराने को लेकर कार्य करें। जबकि संगठन महामंत्री हितानंद आज खंडवा में कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र दे रहे हैं।




इधर, केंद्रीय मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद गुना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी जिले के कोलारस विधानसभा क्षेत्र में कहा कि जनता से उनके परिवार के पारिवारिक संबंध हैं। इस क्षेत्र से विकास और प्रगति के संबंध हैं, जिसके कारण वह लगातार इस क्षेत्र में विकास कार्यों पर जोर देते हैं। मैंने पूर्व में क्षेत्र के सांसद बनकर सड़कों का जाल बिछाया, बिजली के लिए तार, खंभे और ट्रांसफार्मर लगवाए। अब श्रीमंत माधवराव सिंधिया वृहद सिंचाई परियोजना की स्वीकृति मिलने के बाद 6500 करोड़ रुपए की लागत से 6 नए बांध बनेंगे।

### भाजपा साउथ में साफ, नार्थ में हाफ है : कांग्रेस



कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेता ने भोपाल में कांग्रेस के घोषणापत्र की खूबियां गिनाते हुए भाजपा पर निशाने साधे

अभा कांग्रेस की मीडिया चेयरमेन सुप्रिया श्रीनेत ने भोपाल में पार्टी घोषणापत्र की खूबी बताते हुए कहा कि राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4500 किलोमीटर की पैदल यात्रा की, जिसमें हर वर्ग के लोगों से मुलाकात के बाद उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुये न्याय पत्र तैयार किया गया है, जबकि भाजपा व मोदी केवल झूठ परोसकर और भ्रम फैलाकर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। भाजपा सरकार में महिलाओं के साथ भेदभाव किया गया है, उन्हें बहुत नुकसान पहुंचाया गया मोदी ने दो हिंदुस्तान बना दिये हैं एक अमीरों का और गरीबों को। चुनाव में 400 पार चिल्लाने वालों की हवा निकलने वाली है क्योंकि भाजपा दक्षिण में साफ हो रही है और उत्तर में हाफ हो रही है।

### जनसंपर्क अभियान



कांग्रेस प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी इलाकों में अपना जनसंपर्क अभियान चलाया

### हमलावर है कांग्रेस

## शिकायत और सियासत, आयोग की कार्यवाही पर भी सवाल!

### मुरैना जिले में रिटर्निंग अधिकारी ने गलत रिपोर्ट दे दी तो हरदा में मंडी का माला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने अपने शिकायती दांव पेंच तेज कर दिए है। कांग्रेस ने एक ही दिन में चुनाव आयोग से तीन अलग-अलग लोकसभा क्षेत्र से जुड़ी पांच शिकायत की है। जिसमें कुछ अधिकारियों द्वारा भाजपा को लाभ पहुंचाने के आरोप तो लगाए हैं साथ ही चुनाव आयोग को की जाने वाली शिकायतों में निष्पक्ष जांच नहीं करने के आरोप भी लगाए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हरदा जिले के टिमरनी थाना टीआई सुशील पटेल का भाजपा से जुड़ाव है। वह थाने में भाजपाइयों के जन्मदिन केक काकटकर मना रहे हैं और कांग्रेसियों को धमकाकर झूठे केस लादने की चेतावनी दे रहे हैं तो वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सारनी के महाप्रबंधक लक्ष्मी महापात्रा ने भाजपा के पक्ष में आदिवासियों को रिझाने के लिए आचार संहिता में नई कोयला खदान का शुभारंभ करवा दिया। जबकि मुरैना लोकसभा सीट के धोगापुरा में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा की गई चुनावी सभा को लेकर दर्ज शिकायत की जांच में रिटर्निंग अधिकारी ने गलत रिपोर्ट दे दी।



#### इनकी भी की शिकायतें

– **कांग्रेस** के मीडिया विभाग के भूपेंद्र गुप्ता ने आयोग को शिकायत कर बताया कि बैतूल लोकसभा सीट के पाथाखेड़ा क्षेत्र में 10 अप्रैल को तीन नई कोयला खदानों का भूमिपूजन किया गया। आयोग को उन्होंने फोटो, वीडियो भी दिए। बताया कि यह आदिवासी बाहुल्य जिला है, जहां खदानों को शुरू कर भाजपा के पक्ष में आदिवासी मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। बैतूल जिला निर्वाचन अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे।

– **इससे** पहले कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल में 24 अप्रैल को प्रस्तावित रोड शो में स्कूली बच्चों की भीड़ जुटाने के आरोप लगाए थे। जेपी धनोपिया ने कहा था कि सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा शासकीय एवं निजी स्कूल, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के अधिकारियों द्वारा फोन पर आदेश जारी कर दबाव बनाया जा रहा है।

– **कांग्रेस** ने हरदा कृषि उपज मंडी को बंद कराने और क्षेत्र के किसानों के ट्रैक्टर अधिग्रहित करने के आरोप लगाए हैं। आयोग से की शिकायत में आरोप लगाए थे कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के लिए कृषि मंडी बंद की जा रही है और किसानों की भीड़ जुटाने के लिए ट्रैक्टर अधिग्रहित किए जा रहे हैं। अभी गेहूं खरीदी का समय चल रहा है। ऐसे में मंडी बंद करना गलत है।

– **कांग्रेस** के धनोपिया व बैतूल प्रत्याशी रामू टेकाम ने आरोप लगाया कि हरदा के टिमरनी थाना प्रभारी सुशील पटेल ने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अभिजीत शाह के खिलाफ भी काम किया था। तब भी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस के बैतूल प्रत्याशी रामू टेकाम ने टीआई को हटाने की मांग की है।

### केंद्रीय विद्यालय-2 का वार्षिकोत्सव



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्र.2 के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागृह में आयोजित समारोह में भारत की अप्रतिम विविधता और एकता को गीत, संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से दर्शाया गया। मुख्य अतिथि अंकुर मेश्राम, अपर कलेक्टर और समारोह समारोह अध्यक्ष निर्मला बुडानिया, सहायक आयुक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना से समारोह का शुभारंभ किया।

### भोपाल लोकसभा सीट पर वनकर्मियों के साथ अजीब स्थिति

## कर्मचारी एक, पुलिस कह रही चुनाव का काम करो, कलेक्टर कार्यालय से पहले लग चुकी है ड्यूटी

### वन कर्मियों को कलेक्टर और पुलिस कार्यालय दोनों जगह से आ रहे चुनाव काम करने के फोन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव ड्यूटी को लेकर एक अनार सौ बीमार वाली बात भोपाल लोकसभा क्षेत्र पर फिट बैठ रही है। पुलिस कार्यालयों से उन वन कर्मियों के पास चुनाव कार्य करने के लिए फोन पर फोन आ रहे हैं जिनकी ड्यूटी कलेक्टर कार्यालय द्वारा पहले ही लगाई जा चुकी है। तब भी इन कर्मचारियों को पुलिस के कुछ अधिकारी और सिपाही फोन करके बुला रहे हैं। कई वन कर्मी तो कह चुके हैं कि उन्हें नहीं आना। कारण भी बता चुके हैं कि उनकी ड्यूटी तो कलेक्टर कार्यालय से पहले ही लग चुकी है।

#### कोर्ट का कहा नहीं मान रहे

उल्लेखनीय है कि चुनाव की शुरूआत के समय ही कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई पर कहा था कि वन कर्मियों को चुनाव ड्यूटी से दूर रखा जाए। जिसे प्रदेश के ज्यादातर जिला निर्वाचन अधिकारियों ने नहीं माना। जिसके बाद स्टेट रेंज ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा कोर्ट में अवमानना याचिका लगाई गई है।

#### जवाब- पुलिस जो कह रही है वह सुनो, कलेक्टर कार्यालय से निरस्त हो रही ड्यूटी

वन कर्मियों का कहना है कि पुलिस उन्हें झटके पर झटका दे रही है। फोन करने वाले पुलिस अधिकारी कह रहे हैं कि हम जो कह रहे हैं वह ड्यूटी करो, कलेक्टर कार्यालय से तो आपकी ड्यूटी निरस्त हो रही है। जबकि कर्मचारियों का कहना है कि अब तक कलेक्टर कार्यालय से ड्यूटी निरस्त नहीं हुई है। मप्र वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामयश मौर्य का कहना है कि पुलिस के कुछ अधिकारी उन्हें अनावश्यक परेशान कर रहे हैं जो कि शोभा नहीं देता।

**मेट्रो एंकर** कोर्सेज के लिए नया फ्रेमवर्क तैयार, लेकिन अब तक आदेश नहीं हुए जारी

## नियमों में उलझी यूजी-पीजी की डिग्री

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यूजीसी ने पीजी कोर्सेज के लिए नया फ्रेमवर्क तैयार किया है। इसमें छात्रों को अपनी पसंद के हिसाब से मास्टर प्रोग्राम में दाखिला लेने की छूट रहेगी। नए फ्रेमवर्क में यूनिवर्सिटी के पास मशीन लर्निंग, एआई, हेल्थ केयर, एग्रीकल्चर समेत प्रोफेशनल एरिया में कोर्स शुरू करने की आजादी होगी। छात्र ने जो विषय ग्रेजुएशन में नहीं भी पढ़े हैं, उनमें भी मास्टर किया जा सकता है। हालांकि तकनीकी शिक्षा में यह नियम लागू नहीं हो सकें, क्योंकि एआईसीटीई ने अब तक इस संबंध में आदेश जारी नहीं किए हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किए जाने वाले एआई कोर्स को जहां विद्यार्थी सीधे पीजी के लिए चुन सकते हैं, वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग ने संचालित एआई कोर्स में छात्र-छात्राओं के पास यूजी की डिग्री होने जरूरी है। एक ही कोर्स के लिए छात्र-छात्राओं को अलग-अलग नियम का पालन करना होगा।

### कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक मई से शुरू होंगे आवेदन



यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की पंजीयन प्रक्रिया एक मई से शुरू होगी। पंजीयन की आखिरी तारीख 20 मई है। वहीं पीजी पाठ्यक्रम में पंजीयन दो से 21 मई तक होंगे। मप्र बोर्ड 12वीं का परिणाम जारी होने के बाद अब कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी और निजी कॉलेजों में यूजी व पीजी सहित बीएड में प्रवेश के लिए एक मई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करेगा। इस बार दो मुख्य और एक कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) राउंड होंगे। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित समय-सारिणी जारी की है। इसके अनुसार यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की पंजीयन प्रक्रिया एक मई से शुरू होगी। पंजीयन की आखिरी तारीख 20 मई है। वहीं पीजी पाठ्यक्रम में पंजीयन दो से 21 मई तक होंगे। दस्तावेजों का सत्यापन दो से 21 मई तक होगा। प्रवेश के लिए पहले दो चरण आनलाइन काउंसलिंग की जाएगी, जबकि तीसरे चरण में कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की जाएगी, जो 21 जून से शुरू होगी। पंजीयन करवाने के बाद कॉलेजों में छात्राओं को पहले राउंड में नि शुल्क और दूसरे व सीएलसी राउंड में 350 रुपये की छूट रहेगी। मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों की सूची लगाई जाएगी। यूजी के पहले चरण की सीट आवंटन होने के बाद विद्यार्थियों को 25 मई से तीन जून तक फीस जमा करना होगी।



संपादकीय

# तरक्की के दावों के बीच भूखे लोग

संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' यानी खाद्य संकट पर हालिया वैश्विक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह खुलासा हमें अपनी तरक्की के चमचमाते दावे या अहसास के बीच झकझोरने वाला है। यह एक बड़ा विरोधाभास भी है कि जिस दौर में दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के आंकड़ों के जरिए लगातार विकास का हवाला दिया जाता है, उसमें करोड़ों लोगों को पेट भरने के लिए खाना तक नहीं मिल रहा है। यह हकीकत एक तरह से विकास के दावों के सामने आईना है, जो इस बात पर जोर दे रहा है कि हमारे विकास की दिशा क्या है और आखिर यह किसके लिए है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि विश्व के उनसठ देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग 2023 में भूख से तड़पने को लाचार हुए। भूख का सामना करने वाले लोगों की तादाद 2022 के मुकाबले 2.4 करोड़ ज्यादा रही। रिपोर्ट के मुताबिक, भूखे रहने वालों में बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। इसके अलावा, बत्तीस देशों में पांच वर्ष से कम उम्र के 3.6 करोड़ अधिक बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। साथ ही युद्ध और अन्य प्राकृतिक आपदाओं की वजह से बड़ते विस्थापन के बीच पिछले वर्ष कुपोषण की समस्या और ज्यादा गहरी हो गई। सवाल है कि दुनिया भर में और खासतौर पर अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में अगर भूख सहित कई बड़ी समस्याओं से लड़ने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी की बात की जाती है तो इस त्रासदी के लिए किसे जवाबदेह ठहराया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बीस देशों में भूख की मुख्य वजह वहां चल रहे हिंसक संघर्ष थे। दूसरा बड़ा कारण यह था कि बड़ते तापमान या मौसम से संबंधित आपदाओं, कीटों के हमले और महामारी के बीच करीब सात करोड़ सत्तर लाख से ज्यादा लोगों को गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करना पड़ा। इसी तरह, खाने-पीने की चीजों की महंगाई, आयातित खाद्य वस्तुओं पर निर्भरता, उच्च ऋण स्तर आदि वजहों से भी लोगों को भूख की समस्या से रूबरू होना पड़ा। सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर से या वैश्विक स्तर पर भुखमरी के लिए जिन कारणों को चिह्नित किया गया है, उसका हल निकालने की कोशिश कौन करेगा। यह तथ्य जाहिर है कि संयुक्त राष्ट्र या फिर अन्य संस्थाओं की ओर से विश्व भर में भूख के संकट पर अक्सर अध्ययन रपटें जारी की जाती हैं। उसमें कारण भी बताए जाते हैं। मगर उन्हें दूर करने को लेकर बात औपचारिकताओं से आगे नहीं बड़ पाती। ताकतवर व साधन संपन्न देश भी इसके लिये ज्यादा आगे नहीं आते। ताजा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। अब सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था के होते हुए भी युद्धग्रस्त इलाकों में ऐसे हालात कैसे लंबे समय तक बने रहते हैं और युद्ध को खत्म कराने के प्रयास महज दिखावे के क्यों साबित होते हैं कि लोगों के सामने भूख से तड़पने की नौबत आती है। यहां उल्लेखनीय है कि भारत में भी सरकार गरीबों को दो वक्त का राशन मुफ्त दे रही है। यह संख्या अस्सी करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। इतनी बडी आबादी को खाद्य सुरक्षा मिली हुई है, इसकी वजह साधनों का होना भी है। मगर भूख और आवास का संकट रोजगार से भी जुडता है, लोगों को रोजगार मिले, मेहनत के सही दाम मिलें तो दुनियाभर में इस संकट का बेहतर समाधान हो सकता है।

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, वेवजह की विनम्रता दूसरो के अहम को बढ़ावा देती है।

## आज का इतिहास

- 1521 फ़िलिपीनो मूल निवासियों ने लपटू-लापु के नेतृत्व में पुर्तगाली खोजकर्ता फर्डिनेंड मैगलन को मार डाला और मोक्टन की लड़ाई में चालीस से अधिक स्पेनिश सैनिकों को मार डाला।
- 1522 का इटालियन युद्ध-स्पेन और द पोपल स्टेट्स की संयुक्त सेना ने बिकोकोका के युद्ध में एक फ्रांसीसी और वेनिस सेना को हराया।
- 1662 नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1749 ग्रीन पार्क, लंदन में जॉर्ज फ्रीडरिक हैंडल की आतिशबाज़ी संगीत का पहला प्रदर्शन शुरू हुआ।
- 1773 ब्रिटिश संसद ने चाय अधिनियम पारित किया।
- 1777 अमेरिकी क्रांतिकारी वॉर-ब्रिटिश आर्मी नियमित ने रिजफील्ड की लड़ाई में पैट्रियट मिलिशिया को हराया, प्रतिरोध इंतेहाई कनेक्टिकट कॉलोनी को गैल्वनाइज किया।
- 1807 फ्रांसीसी सेना ने 6 सप्ताह की घेराबंदी के बाद दानजिग पर कब्जा कर लिया।
- 1810 लुडविग वन बीथोवेन ने अपने प्रसिद्ध पियानो ÷फर एलिस÷ का निर्माण किया।
- 1810 लुडविग वान बीथोवेन ने अपनी बागेटेल नं। 25 में अमीनोर की रचना की, जिसे फुर एलिस (ऑडियो फ़ीचर्ड) के नाम से जाना जाता है, जो उनकी सबसे अलौकिक रचनाओं में से एक है।
- 1865 एक विस्फोट ने मिसिसिपीरिवर पर स्टीमबोट सुल्ताना को नष्ट कर दिया, जिससे 2,400 यात्रियों की अनुमानित 1,800 मौत हो गई।
- 1870 एंटोनियो गुज़्मान ब्लैंको ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया
- 1911 विलियम पी। फ्राइ के इस्तीफे के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीनेट में समझौता किया था

## निशाना

### निकल पड़ी है धार !



- कृष्णेन्द्र राय

मिलन मिलन खेल रहे।
अंदर कितना प्यार ?
एकता की लगती।
निकल पड़ी है धार ।।
बधवाने को सेहरा।
हुए हैं आतुर सारे ।।
सब कुछ ठीक ठाक है।
बीच में हमारे ।।
है भविष्य के गर्भ अभी।
होगी कैसी नीति ?
लेकिन अभी कैमरे में।
दीख रही है प्रीति ।।
लंबी है लड़ाई।
और दिल से प्रयास ।।
पता नहीं चल पा रहा।
कौन आखिर ख़ास ?


# सच जानने के लिए सर्वे और दावे-प्रतिदावे

*हिंदू पक्ष के लोग बार-बार मथुरा, ज्ञानवापी और अयोध्या के एएसआई सर्वे के नतीजे को आधार बनाकर भोजशाला में भी उसी तरह के प्रमाण मिलने का दावा करते हैं...*

हेमंत पाल

अयोध्या, ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि के स्वामित्व की प्रामाणिकता के लिए कोर्ट के निर्देश पर ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने साइंटिफिक सर्वे किया था। अपनी प्रमाणिक रिपोर्ट से एएसआई ने जो साबित किया, वो दुनिया के सामने है। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के निर्देश पर इसी तरह का सर्वे धार की भोजशाला में किया जा रहा है। एएसआई को अपने सर्वे से साबित करना है कि भोजशाला वास्तव में राजा भोज द्वारा निर्मित सरस्वती मंदिर है या मौलाना कमालुद्दीन की बनाई मस्जिद ! दोनों पक्षों के बीच सौ सालों से ज्यादा समय से यह विवाद है। एक महीने से एएसआई भोजशाला में सर्वे कर रही है।

हाई कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करके और अपनी रिपोर्ट अगले 45 दिन में उसे सौंपने का निर्देश दिया था। लेकिन, अब एएसआई ने इसके लिए अतिरिक्त समय मांगा है। क्योंकि, निर्धारित अवधि में काम पूरा संभव नहीं है। सर्वे की प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए कोर्ट के निर्देश पर हिंदू और मुस्लिम प्रतिनिधियों को भी सर्वे टीम के साथ अंदर जाने की इजाजत मिली है। पहले दिन मुस्लिम पक्ष ने सर्वे टीम के साथ परिसर में जाना टाला, उसके बाद से दोनों पक्षों के प्रतिनिधि सर्वे टीम के साथ सुबह से शाम तक मौजूद रहते हैं। हालांकि, एएसआई को सर्वे पर किसी भी तरह का बयान देने की इजाजत भी नहीं है क्योंकि, रिपोर्ट हाईकोर्ट में जमा करानी है। मगर सर्वे टीम के साथ अंदर जाने वाले दोनों पक्षों के प्रतिनिधि अंदर जाते हैं, तो वे मीडिया के सामने कोई न कोई ऐसी बात जरूर करके जाते हैं, जो इस सर्वे की गोपनीयता को भंग करने जैसी होती है। मुस्लिम पक्ष के प्रतिनिधि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उनके द्वारा लगाई गई आपत्तियों का जिक्र करने के साथ यह भी बताते हैं कि बीते सौ सालों से ज्यादा समय में भोजशाला विवाद में क्या कुछ हुआ ! वे उन तर्कों को भी नकारते हैं, जो हिंदू पक्ष के लोग सामने रखने की कोशिश करते हैं। इसी तरह हिंदू पक्ष के प्रतिनिधि मुखरता से बताते हैं कि सर्वे के दौरान अंदर मिलने वाले प्रमाण संकेत



दे रहे हैं, कि यह सरस्वती मंदिर रहा है। वास्तव में तो सीधे-सीधे इस बात की मार्केटिंग करने की भी कोशिश की जा रही है कि एएसआई का यह सर्वे हिंदू धर्मावलंबियों की याचिका पर ही किए जाने के निर्देश हुए हैं। एएसआई की सर्वे रिपोर्ट के हाईकोर्ट में पेश किए जाने से पहले ऐसी बयानबाजी गोपनीयता भंग करने जैसा कृत्य कह सकते हैं।

सर्वे के दौरान जब भी मंगलवार या शुक्रवार आता है, तो हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोग भोजशाला परिसर में जाकर अपनी आराधना करते हैं। शुक्रवार को मुस्लिम नमाज़ अदा करने और मंगलवार को हिंदू परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। कई साल पहले केंद्र सरकार ने दोनों पक्षों को यह व्यवस्था दी थी, तब से प्रशासन की देखरेख में इसका पालन किया जा रहा है। देखा गया कि सर्वे के दौरान हर मंगलवार को जब हिंदू पक्ष भोजशाला में पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं, उस दिन हिंदू पक्ष की तरफ से भोजशाला आंदोलन से जुड़ा कोई बड़ा हिंदूवादी नेता मीडिया के सामने कोई न कोई ऐसी बात जरूर करता है, जो सुर्खी बनती है। उन्हें एएसआई सर्वे पर न कोई बयान देने की जरूरत है, न इजाजत। हिंदू पक्ष के लोग बार-बार मथुरा, ज्ञानवापी और अयोध्या के एएसआई सर्वे के नतीजे को आधार बनाकर भोजशाला में भी उसी तरह के प्रमाण मिलने का दावा करते हैं। जबकि, मुस्लिम प्रतिनिधि का दावा रहता है कि 1902 और 1903 में भी इसी तरह का सर्वे हुआ था और उस समय यह मान लिया गया था कि यह मंदिर नहीं है।

आज भी उनका दावा है कि 1300 ईस्वी में जब मौलाना कमालुद्दीन यहां आए थे और उन्होंने मस्जिद बनाई थी। उस समय यहां कई तरह का रॉ-मैटेरियल मस्जिद के निर्माण के लिए लाया गया था। संभवतः उस समय लाए गए रॉ-मैटेरियल में कुछ ऐसी सामग्री आ गई होगी जो यहां हिंदू धर्म का प्रमाण दे रही है। भोजशाला में बनी एक अक्कल कुईया को लेकर भी दोनों पक्षों के पास ऐसे दावे हैं, जो सर्वे को प्रभावित कर सकते हैं। हिंदुओं का कहना है कि इस तरह की अक्कल कुईया आर्यावर्त में 7 जगह है जिसमें से तीन जगह भारत में है। एक इलाहाबाद में, एक तक्षशिला और तीसरी भोजशाला में। धार की भोजशाला की अक्कल कुईया के बारे में उनका कहना है कि यह सरस्वती नदी से जुड़ा हुआ जल स्रोत था।

माना जाता है कि जहां भी शिक्षा के विकसित केंद्र रहे, वहां विद्यार्थियों को ज्ञान देने के लिए इस तरह की कुईया का निर्माण किया गया। इसमें वे पत्थर पाए गए, जो विलुप्त हुई सरस्वती नदी में होते थे। इसके प्रमाण में हिंदू पक्ष विष्णु श्रीधर वाकणकर की किताब का हवाला देते हैं। जबकि, मुस्लिम पक्ष का कहना है कि वास्तव में यह अक्कल कुईया नहीं, बल्कि मस्जिदों के पास पाए जाने वाला जल कुंड है। वास्तव में इसकी सच्चाई एएसआई के सर्वे से ही पता चलेगी। लेकिन दोनों पक्षों की बयानबाजी सामाजिक सामंजस्य के लिए उचित नहीं है।

**साभार, यह लेखक के अपने विचार हैं**

# लोकतंत्र की खातिर जरूर दें पहली बार वोट

टीके अरुण

कई लोग राजनीतिक दल का चुनाव उसी तरह करते हैं, जैसे विश्व कप में किसी टीम को सपोर्ट करने का फैसला करना। परिवार और दोस्तों की पसंद-नापसंद बहुत बड़ी भूमिका निभाती है इसमें। किसी खास नेता का राष्ट्रीय या स्थानीय स्तर पर पैदा किया असर भी अंतर पैदा करता है। सत्ताधारी दलों के दावे और प्रतिदावे भी मायने रखते हैं।पहली बार वोट डालने वाला एक ऐसा विकल्प चुन रहा है, जो उसके भविष्य को आकार देने में मदद करेगा, एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगा जो सभी के लिए अवसरों और स्वतंत्रता का विस्तार करेगा या उन्हें सीमित करेगा। इस तरह से किसी को वोट देना किसी टीम को सपोर्ट करने से बहुत अलग है।हमारे सामने परफेक्ट राजनीतिक विकल्प नहीं हैं। उलटे, ये परफेक्ट से कोसों दूर हैं। इसलिए जरूरी है कि हम कम से कम खराब विकल्प न चुनें। हम ऐसा चुनाव करें, जिससे विकल्प और प्रयोग का रास्ता खुला रहे ताकि लोग नई सोच और खुद को संगठित करने के नए तरीके विकसित कर सकें। मेरा मानना है कि नए मतदाताओं को लोकतंत्र की खातिर वोट जरूर देना चाहिए।




### हीरो की चाहत

हम आज मुश्किल हालात में जी रहे हैं। जिस हवा में हम सांस ले रहे हैं, वह प्रदूषित है। पानी को पीने के लिए फिल्टर करना पड़ता है। सड़कों पर भीड़ है। अच्छी नौकरियां मुश्किल से मिलती हैं। शिक्षा में खामी है, स्वास्थ्य सेवा खराब है या फिर बहुत महंगी। व्यक्तिगत अधिकार और स्वतंत्रता सीमित हैं। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। क्लाइमेट चेंज ने गर्मी, सूखे और बेमौसम बारिश के रूप में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। इन सारी समस्याओं के सामने व्यक्ति खुद को बहुत लाचार महसूस करता है। ऐसे में संकटों से बचाने वाले 'सुपरह्यूमन' की लोकप्रियता बढ़ रही है, फिर चाहे फिल्में हों या राजनीति। फिर भी सब कुछ निराशाजनक नहीं है। देश की डेमोग्राफी युवा ऊर्जा लेकर आती है और उम्मीद भी बंधाती है। हम सूचना युग में जी रहे हैं, जिसमें संपूर्ण मानव ज्ञान, रचनात्मकता और सौंदर्य उन लोगों के लिए अवेलेबल है, जो इसकी तलाश में हैं। उद्यमियों के पास मौका है कि वे अपने आइडिया और सपनों को पूरा कर सकें। इससे रोजगार मिलता है, आय के साधन पैदा होते हैं। किसी अच्छे आइडिया पर लोग ऑनलाइन चर्चा कर सकते हैं, फिर उस पर अमल किया जा सकता है। कमाई कम, वादे ज्यादाष सच यह भी है कि समर्थन पाने के लिए राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में चांद-तारे तोड़ने का वादा करते हैं। सभी के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, सरकारी नौकरियों, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च, वंचित समुदाय के लोगों के लिए विशेष सहायता, भ्रष्टाचार के खात्मे, महिलाओं के सशक्तिकरण, सभी के लिए घर जैसे वादे किए जाते हैं। लेकिन सरकार की आमदनी सीमित होती है। इसका जरिया हैं टैक्स कलेक्शन, टेलिकॉम में लाइसेंस और स्पेक्ट्रम फीस, खनिज रॉयल्टी, प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री, कुछ सरकारी सेवाओं पर यूजर चार्ज वगैरह।

### कहां से आएगा पैसा

अब जान लेते हैं कि सरकार का खर्च क्या है। पड़ोसी मुल्कों के साथ रिश्ते तनावपूर्ण हैं। ऐसे में देश को डिफेंस पर इच्छा से ज्यादा खर्च करना पड़ता है। केंद्र और राज्यों का पिछले उधारों पर ब्याज जीडीपी के 5 प्रतिशत से भी ज्यादा है। सैलरी और पेंशन पर जीडीपी का 1.5 प्रतिशत खर्च होता है। ऐसे में कुल मिलाकर केंद्र और राज्य सरकारों के पास जीडीपी का 20 प्रतिशत से कम हिस्सा बचता है, चुनावी वादों को पूरा करने के लिए। एजुकेशन पर जीडीपी का 6 प्रतिशत और स्वास्थ्य देखभाल पर 4 प्रतिशत खर्च करने के वादे को इस सचाई के आईने में देखना चाहिए।

### सवाल बनते हैं

वहीं, क्या एक नागरिक के रूप में हमारा इस पर कोई अधिकार है कि यह पैसा कैसे खर्च किया जाता है? क्या गांव के स्कूलों और शहरों के सीवरेज सिस्टम को सुधारने से ज्यादा अच्छा है न्यूनतम समर्थन मूल्य को लगातार बढ़ाना, अनाज की सरकारी खरीद करना? क्या स्थायी घर बनाकर देने से बेहतर है कि प्रवासी मजदूरों के लिए किराये पर घर बनाए जाएं? क्या सरकारी हेल्थ इंश्योरेंस से बेहतर होगा कि स्टेट हॉस्पिटल्स में सीधे स्वास्थ्य देखभाल का प्रावधान हो? उद्योगपतियों को सबसिडी के बजाय क्या यह अच्छा रहेगा कि वही पैसा विश्वविद्यालयों में रिसर्च में लगाया जाए? शासन संबंधी निर्णयों के लिए उस विशेषज्ञता की जरूरत होती है, जो सीधे तौर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों के पास नहीं होती। फिर भी, हमारे प्रतिनिधियों का काम है कि वे विशेषज्ञों को बुलाएं, उनकी बात सुनें और लोगों के हित में विकल्प चुनें।

### सबका सशक्तीकरण

युवा भारतीयों के लिए लक्ष्य होना चाहिए कि वे एक इंसान के रूप में अपनी संभावनाओं को पहचानें। व्यक्तिगत प्रयास प्रॉजेक्ट का एक हिस्सा है, लेकिन अच्छी स्कूलिंग या गांव से स्कूल तक सड़क सामूहिक सशक्तीकरण से ही संभव है।

**साभार- लेख के अंश, यह लेखक के विचार हैं**

### मतदान केंद्रों पर शादी के लिए तैयार दूल्हा, दुल्हन के साथ उनके परिवारजनों ने भी मतदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया

# होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ शाम 5 बजे तक 63.44 प्रतिशत हुआ मतदान



नर्मदापुरम/ सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।

**लोकसभा चुनाव 2024 के लिये लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद में शुक्रवार के दिन 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारम्भ हुआ। शाम 5 बजे तक लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 होशंगाबाद में 63.44 प्रतिशत मतदान हो चुका था। जिसमें नरसिंहपुर में 63.14 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 66.62 प्रतिशत, गाडरवारा में 63.97 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 66.37 प्रतिशत, होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत, सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत, पिपरिया में 68.70 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 57.41 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।**

### प्रातः 11 बजे तक हो चुका था 32.4 प्रतिशत मतदान

दूसरे राउंड में अर्थात प्रातः 11 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 32.4 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 32.23 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 34.03 प्रतिशत, गाडरवारा में 32.32 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 34 प्रतिशत, होशंगाबाद में 26.29 प्रतिशत, सोहागपुर में 34.71 प्रतिशत, पिपरिया में 35.36 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 30.39 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

### दोपहर 1 बजे तक हुआ 45.71 प्रतिशत मतदान

दोपहर 1 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 45.71 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 45.04 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 47.59 प्रतिशत, गाडरवारा में 45.98 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 48.24 प्रतिशत, होशंगाबाद में 39.53 प्रतिशत, सोहागपुर में 47.72 प्रतिशत, पिपरिया में 50.50 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 41.49 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### अपरान्ह 3 बजे तक हो चुका 55.79 प्रतिशत मतदान

इसके बाद दोपहर 3 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 55.79 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 54.03 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 57.95 प्रतिशत, गाडरवारा में 55.31 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 62.58 प्रतिशत, होशंगाबाद में 48.8 प्रतिशत, सोहागपुर में 56.94 प्रतिशत, पिपरिया में 61.00 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 50.1 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### शाम 5 बजे तक हो चुका था कुल 63.44 प्रतिशत मतदान

प्राप्त जानकारी अनुसार शाम 05 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में कुल 63.44 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 63.14 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 66.62 प्रतिशत, गाडरवारा में 63.97 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 66.37 प्रतिशत, होशंगाबाद में 57.54 प्रतिशत, सोहागपुर में 64.69 प्रतिशत, पिपरिया में 68.70 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 57.41 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया।

## मेहंदी रचाए हाथों से दुल्हनों एवं बारात रवानगी से पहले दूल्हो नें उत्साहपूर्वक किया मतदन

सिवनी मालवा लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाए रखने में घर के युवा, वृद्धजन व दिव्यांगजन भी किसी से पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्हीलचेयर की सुविधा का लाभ लेते हुए उत्साह से अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान करने के लिए युवाओं, सहित बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों में भारी उत्साह देखा गया। सभी विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र, पिंक बूथ, युवा केंद्र और दिव्यांग मतदाताओं के लिए भी व्यवस्था की गई। मेहंदी रचाए हाथों से दुल्हनों ने तथा बारात रवानगी के पूर्व दूल्हे नें मतदान करना अपना प्रथम कर्तव्य समझा और लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर एक अच्छे नागरिक होनें का फर्ज निभाया।



विभिन्न मतदान केंद्रों पर शादी के लिए तैयार दूल्हा, दुल्हन के साथ उनके परिवारजनों ने भी मतदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इटारसी की दिव्यांशा मौर्य, नगर परिषद बनखेड़ी की कल्पना, सोढरा की ममता, उंटियाकिशोर के नवविवाहित जोड़े, गुनौरा की रामबाई, इटारसी की पूजा शर्मा सहित अनेक दुल्हनों ने विदाई से पूर्व मतदान कर लोकतंत्र मजबूत करने की दिशा में अपने कदम बढाए। ग्राम बनाडा की सारणी विश्वकर्मा ने कन्यादान से पहले आकर अपने निर्धारित पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान किया।वहीं दूल्हे भी पीछे नहीं रहे बारात प्रस्थान से पूर्व कई दूल्हो नें मतदान करना अपनी प्रमुख जिम्मेदारी समझा और मतदान केन्द्र आकर मतदान करनें के बाद वैवाहिक कार्यक्रमों के लिए आगे बढे। ग्राम गुर्रा में भी एक एसा ही दूल्हा पहुचा मतदान दलकर्मियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। मतदान केन्द्र 20 में भी दूल्हे ने शादी की वैवाहिक रस्म से पूर्व मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाया। जवाहर वार्ड सोहागपुर में भी विवाह के पूर्व दूल्हे ने मतदान किया। मतदान केन्द्र कोहनी में भी दूल्हे ने मतदान किया। ग्राम आयपा में भी एक दूल्हे ने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। सोहागपुर के संकेत रघुवंशी ने भी बारात ले जाने से पूर्व मतदान किया। इसी के साथ तीन दिवस पूर्व बच्चे को जन्म देने वाली प्रसूता नर्मदापुरम निवासी 28 वर्षीय आरती यादव नें भी मतदान करना अपनी जिम्मेदारी समझा एवं मतदान करनें अपने पोलिंग बूथ पर पहुंच कर मतदान किया।

### सुबह से ही रहा मतदाताओं का मतदान के प्रति खासा उत्साह

### प्रथम चरण में हुआ 15.95 प्रतिशत मतदान

प्रथम चरण में अर्थात प्रातः 9 बजे तक संसदीय क्षेत्र क्रं 17 होशंगाबाद में 15.95 प्रतिशत मतदान हो चुका था, जिसमें नरसिंहपुर में 16.06 प्रतिशत, तेंदूखेड़ा में 17.39 प्रतिशत, गाडरवारा में 16.31 प्रतिशत, सिवनीमालवा में 15.67 प्रतिशत, होशंगाबाद में 12.15 प्रतिशत, सोहागपुर में 17.41 प्रतिशत, पिपरिया में 17.6 प्रतिशत एवं उदयपुरा में 15.2 प्रतिशत मतदान हुआ।



## दिव्यांग एवं बुजुर्गों नें भी बढ़चढ़ कर मतदान किया

नर्मदापुरम जिले में दिव्यांग एवं बुजुर्गों नें भी बढ़चढ़ कर मतदान किया। पचमढ़ी की 106 वर्षीय श्रीमती कस्तूरी शुक्ला, माखननगर जिला नर्मदापुरम की 83 वर्षीय माणकदेवी जैन, 81 वर्षीय विजयकर, 76 वर्षीय रामवती बाई, 70 वर्षीय कोशल्या मंडल, नर्मदापुरम की 85 वर्षीय तारा बाई तिलोटिया ने तथा 65 वर्षीय मुन्नालाल दिव्यांग दिनेश मालवीय सहित नवमतदाता अदिती शिवहरे, दीपक संतोरे, जिशान खान, ऋितिक यादव, रोहन यादव, ने पहली बार मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में यहां के मतदाता जो दूसरे जिले या राज्य में निवासरत है या पढाई के लिए बाहर गये उन्होनें भी मतदान दिवस के दिन मतदान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाया। इटारसी के विद्यार्थी उत्कृष्ट जैन भोपाल, इटारसी के रूपेश साकारियां रायपुर, छत्तीसगढ़ से, इटारसी के ही पंकज विश्वकर्मा मुंबई से मतदान दिवस पर पहुंचकर मतदान किया। इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव ने दूल्हा-दुल्हनों एवं बाहर से आए मतदाताओं को मिठाई एवं उपहार भेंट किये।

## कलेक्टर एवं एसपी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी किया मतदान





**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल 2024 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सोनिया मीना और पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शासकीय नवीन बालक शाला (फूलवती विद्यालय) कोठी बाजार के मतदान केन्द्र क्रं 66 पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन लगातार पूरी मतदान प्रक्रिया पर अपनी नजर बनाये हुए है एवं जिले का मतदान प्रतिशत अभी तक पूरे संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक है। उन्?होनें मौके पर ही जिलेवासियों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में आकर मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी दे। लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व में मतदान करने में शासकीय अमला भी आगे रहा सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों, आयुक्त कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक अपने परिवार सहित मतदान किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत ने मतदान किया। डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौर, लोक सेवा प्रबंधक आनंद झैरवार, एवं उनकी टीम नें उत्साहपूर्वक मतदान किया।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को मतदान दिवस के दिन प्रात- 06 बजे से ही कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह ने नर्मदापुरम शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों तथा सोहागपुर के दूरस्थ मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। कलेक?टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों में ड्यूटी रथ मतदान दल से आमने सामने चर्चा की और उन्हें धैर्यपूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को प्रेरित किया। मतदान केंद्र में दिव्यांग एवं वृद्धजनों के लिए रखी गई व?हीलचेयर का अवलोकन किया। मतदान केन्द्रों में गर्मी से बचाव के लिए बनाये गये शैड, पेयजल व्यवस्था एवं मतदान दल के लिए उपलब?ध मूलभूत सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों में मौजूद पुलिस बल को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने कहा कि कानून एवं शांति की व्यवस्था बनाए रखी जाए। कोई भी अप्रिय स्थिति होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर**

### कलेक्टर, एसपी एवं सीईओ बासौदा में आयोजित स्वीप कार्यक्रमों में शामिल हुए

## कलेक्टर ने शत-प्रतिशत मतदान करने किया प्रोत्साहित

विदिशा, दोपहर मेट्रो।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज बासौदा विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय पहुंचकर यहां आयोजित कार्यशाला में विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ, आंगनबाड़ी वर्कर समेत अन्य अधिकारी, कर्मचारियों को मतदान प्रतिशत कैसे बढ़े की क्रियान्वयन व्यवस्था पर गहन प्रकाश डालते हुए हंड्रेड प्रतिशत मतदान की पहल हेतु अभिप्रेरित किया है।

कलेक्टर ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही में विधानसभा निर्वाचन में जिले में 80 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन में इस बार शत प्रतिशत मतदान संभव हो इसके लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वह अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के मतदाताओं से अपील करें कि मतदान अवश्य करें। मतदाता सूची में मिलान कर जिन मतदाताओं ने पिछले निर्वाचन में मतदान नहीं किया था उन मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि विदिशा जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने इसके लिए नवाचार आवश्यक है।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय समेत संपूर्ण जिले में वृहद स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 27 अप्रैल शनिवार से एक साथ वृहद स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के सभी 11 लाख 6 हजार 123 मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें के संदेशों का प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तिथि बार आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में विदिशा करेगा शत प्रतिशत मतदान की थीम पर मेगा इवेंट 10 डेज कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विविध प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जैसे मतदाता जागरूकता रैली, बाइक रैली, स्कूटी रैली, पैदल रैली, कार रैली, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, मतदान की शपथ, मतदाताओं को आमंत्रण समेत विविध प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि जिलेभर में एक साथ एक ही थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन कर जिले के सभी मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतदान के दौरान व पहले किसी भी प्रकार से अव्यवस्था ना हो इसके लिए तमाम सुरक्षा के चाक-चैबंद प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने भी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि पांच साल में यह मतदान का अवसर मिलता है इसके खोना नहीं है यही हम सबका नैतिक कर्तव्य है और कानूनन प्राप्त अधिकार का पूरा उपयोग करना है ऐसी प्रेरणा सभी मतदाताओं को दें।

### रैली को हरी झंडी दिखाई -

कलेक्टर ने बासौदा के लाल बहादुर शास्त्री शासकीय महाविद्यालय में आयोजित स्वीकृत गतिविधि कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं उन्होंने यहां आयोजित भव्य मोटरसाइकिल मतदाता जागरूकता दो पहिया वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला , जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर योगेश भरसट, बासौदा एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री विजय राय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ मौजूद रहे।





# सड़क पर पड़ी निर्माण सामग्री अतिक्रमण से बढ़ रहे है सड़क हादसे, लगता है जाम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कही दुकान की सामग्री सडक पर सजी तों कही निर्माण सामग्री वही रोड पर ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहनों भी सडक पर खडे हो रहे है जिससें नगर में भारी वाहन प्रवेष करने पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। नगर में दिन प्रतिदिन वाहनो का आवागमन बढता जा रहा है व भारी वाहनों पर नगर में गुजरने से आमजन आये दिन जाम की समस्या से परेषान होते रहते है व अन्य मार्गो से गुजर कर निकल रहे है। मंडी बायपास पर प्रतिदिन सैकडो वाहन निकलते है इसके साथ ही अधिकारियों का निकलना भी इसी मार्ग से होता है मगर उन जिम्मेदार अधिकारियों को सडक पर फैला अतिक्रमण नही दिखाई देता है जिससे नगर के कई मार्गो पर दिन प्रतिदिन सडक पर अतिक्रमण फैल रहा है। वही लिंक रोड मंडी बायपास रोड तहसील रोड रेत गिट्टी और ईट सरिया पूरी निर्माण सामाग्री जब सडक पर रखी रहेगी तों लोग निकलेगे कहा से कई बार बाइक सवार भी गिरकर घायल हो चुके है व इन मार्गो पर अतिक्रमण कर लिया है दूसरी और लिंक रोड पर कृषि से संबंधित उपकरणों की दुकानो के आगे पाइप टंकी मोटर आदि दुकानो के आगे अतिक्रमण कर रखी है जिससे आये दिन वहां पर भी जाम की स्थिति उत्पन्न होती है वही सडक पर टेक्टर ट्राली भी खडे रहते है मगर जिम्मेदारो का ध्यान इस और नही है। गत माह पहले नगर में अतिक्रमण मुहिम चलाई गई थी मगर कुछ गुमठियों वालो व हाथ ठेले वालों को हटाकर अभियान खत्म कर दिया गया और उन बडे बडे रसूखदार दुकानदारों के अतिक्रमण पर नजर नही पड रही जों रोडो पर अतिक्रमण कर रखा है।

# छाए बादल दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी से मौसम रहा खुशनुमा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मौसम का मिजाज शुक्रवार को फिर बदला सुबह से बादल छाए और दोपहर बाद बूंदाबांदी हुई। बादलों के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग ने शुक्रवार से तेज हवा एवं बूंदाबांदी की संभावना जताई थी। सामान्य तौर पर अप्रैल में 40 डिग्री या उससे अधिक रहने वाला तापमान मैं गिरावट देखने को मिली है और अप्रैल में सिर्फ एक बार 40 डिग्री तक पर देखने को मिला है। शुक्रवार से पश्चिमी विक्षोम प्रदेश में सक्रिय हो रहा है।

शीतल पेय विक्रेताओं का कारोबार प्रभावित - क्षेत्र में मौसम में आ रहे इस तरह के बदलाव से जहां एक ओर मौसम में ठंडक घुल गई है. वही इससे आइसक्रीम एवं शीतल पेय पदार्थ विक्रेताओं का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है. जिससे उनको आर्थिक नुकसान हो रहा हैं।

# आब्जर्वर ने मतदान केंद्रों व स्ट्रांग रूम का लिया जायजा



**सिरोंज।** गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर अंजलि शेरावत ने स्ट्रॉग रूम, तथा मतदान केदो का जायजा लिया पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम जहां से निर्वाचन सामग्री का वितरण होगा उसका जायज लिया है। इसके अलावा उन्होंने संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण करके समय से पहले सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश भी एसडीएम हर्षल चौधरी को दिए।

# पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर ने लिया स्ट्रांग रूम का जायजा



**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक विदिशा दीपक कुमार शुक्ला और कलेक्टर विदिशा बुद्धेश कुमार वैद्य ने बासौदा के एसजीएस कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। तैनात सुरक्षाकर्मियों को दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश।

## ऑडियो वायरल: एक हजार रुपए दो तो फसल पास, जनपद सदस्य ने ली गारंटी

# किसानों की सरकार में ठगे जा रहे किसान, प्रशासन अनजान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**सरकार हमेशा कहती हे की यह सरकार किसानों की हे किसानों के फायदे के लिए सरकार ने कई योजनाएं भी बनाई हे यह तक की प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना बना कर किसानों को लाभ पहुंचाया जाता है पर इसके बाद भी विदिशा जिले के सिरोंज क्षेत्र में क्या दुर्दशा हो रही हे इससे प्रशासन और सरकार अनजान हे। अब किसानों को उपार्जन केंद्रों पर खुलेआम लूटा जा रहा है। उपज पास करने के बदले में हजारों रुपए की मांग की जा रही है, यदि किसान पैसे नहीं देते हैं। तो केंद्रों पर मौजूद सर्वेयर उक्त किसान की उपज को फेल कर देते हैं। कभी नमी बता कर तो कभी कचरा या अन्य तरह की कमी बता कर, इस गोरखधंधे को पिछले कई दिनों से अंजाम दिया जा रहा है जानकारी होने के बाद भी प्रशासन और खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारी ध्यान देते ही नहीं है यही वजह हे की कर्मचारियों के हौंसले बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में बो गरीब किसान परेशान हे जिसके पास न तो पैसा हे ना राजनेतिक पवार कई किसान पैसे दे भी देते हैं तो कई किसान राजनेतिक लोगों से बात कराकर बमुश्किल अपनी उपज तुलवा रहे हैं। लगातार पैसे लेने की शिकायतें सामने आ रही है फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है। यही कारण है कि शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक ऑडियो खूब वायरल हो रहा है। जिसमें नरखेड़ा निवासी किसान जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रताप सिंह लोधी अपनी सरसों की उपज लेकर पिपलियाहाट सोसाइटी के ग्राम सारंगपुर स्थित सियाराम त्यागी लॉजिस्टिक्स वेयरहाउस पहुंचे थे।**

**पहले तो लगते थे दो हज़ार। हम तो एक ही हजार ले रहे हे - सर्वेयर**

**एक हजार रुपए की ली ऑनलाइन रिश्वत**






इस दौरान उनकी सरसों की ट्राली को सर्वेयर ने नमी बताकर फेल कर दिया। इसके बाद उन्होंने फोन पर सर्वयरों से बात करते हुए कहा कि में जनपद सदस्य हूं चिंता मत करो 1000 रुपए दे देंगे, लेकिन साहब हमारी ट्राली पास कर पर्ची बना दो। इसके बाद सर्वेयर फोन पर ही जनपद सदस्य प्रतिनिधि से कहता है कि पहले एक हजार रुपए डलवाओ तभी कुछ होगा, क्योंकि मौसम खराब है और नमी भी आ रही है। इसके बाद जनपद सदस्य प्रतिनिधि अपने ड्राइवर के माध्यम से सर्वेयर द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर फोनपे के माध्यम उक्त एक हजार रुपए ट्रांसफर करवाता है। तब जाकर किसान की ट्रॉली पास होती है और पर्ची उपलब्ध कराई जाती है। वही फोन पर बात करते हुए जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं किसान प्रताप सिंह लोधी ने सर्वेयर से कहा की मैं जनपद सदस्य हूं और आप मुझसे ही एक हजार रुपए ले रहे हैं, । इसके बाद उक्त सर्वेयर कहता है कि कल जो आया था वह 2000 रुपए ले गया। फिर जनपद सदस्य प्रतिनिधि बोलते हैं कि हम एक हजार रुपए दे देंगे चिंता मत करो, इसके बाद उक्त सर्वेयर कहता है कि हम दूसरे के मोबाइल पर करवा लेंगे एक तो तुम्हारा तिरपाल भी ठीक नहीं है। नमी आ जाएगी पानी आ गया तो भीग जाएगी। वही लोधी हमारे सवांददाता से बात करते हुए बताते हैं कि शुक्रवार को सरसों की उपज लेकर में पिपलियाहाट खरीदी केंद्र के ग्राम सारंगपुर स्थित श्री सियाराम त्यागी लॉजिस्टिक्स वेयरहाउस आया था। अचानक घर पर जरूरी काम आ जाने के कारण मैं कुछ समय के लिए घर चला गया था। इतने में ट्राली पास करने के लिए समिति पर मौजूद सर्वेयर हमारी ट्राली पर आ गया और हमारी सरसों मैं कमी बताकर फेल करने की बोलने लगा। जब मैंने ड्राइवर के फोन पर उससे बात की तो उसने मुझसे एक हजार रुपए की मांग की, जिसका ऑडियो यह वायरल हो रहा है। हालांकि इंटरनेट पर वायरल इस ऑडियो की पुष्टि दोपहर मेट्रो नहीं करता है।

### नमी बताकर पहले किसान की उपज को करते हैं फेल पैसा मिलने पर वही उपज हो जाती है पास

सिरोंज तहसील में कुल 17 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 6 केंद्रो पर चना मसूर एवं सरसों की खरीदी की जा रही है। बाकी सभी केंद्रों पर सिर्फ गेहूं की खरीदी हो रही है। सबसे अधिक शिकायतें इन्हीं छः खरीदी केंद्रों पर की आ रही हैं। सूत्रों की माने तो इन खरीदी केंद्रों पर चना, मसूर एवं सरसों की उपज की तोल होती है। अधिक संख्या होने की वजह से उपार्जन केंद्रों पर सर्वेयरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि किसानों द्वारा लाई गई उपज का परीक्षण यही सर्वेयर करते हैं। पैसे लेने के लिए यह लोग किसानों की ट्रालियों में लाई गई उपज को कई बार अपनी मर्जी से ही फेल कर देते हैं। और पैसा मिलने पर इस उपज को पास भी कर देते हैं। जिसकी शिकायतें भी लगातार सामने आ रही कही बार इसको लेकर चक्का जाम एवं आंदोलन भी हो चुके हैं। फिर भी ना तो उपार्जन केन्द्रों पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही तहसील में बैठे वरिष्ठ अधिकारी कोई बड़ी कार्यवाही करते दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### इनका कहना है

*सर्वेयर की लगातार शिकायत मिल रही थी जिसको लेकर हमने उसे हटा दिया था। आज किसान से पैसा लिया है इसकी हमें जानकारी नहीं है। नया सर्वेयर आया है यदि उसने पैसे लिए होंगे तो हम दिखवाते हैं।*

***मनोहर लाल शर्मा,** समिति प्रबंधक पिपलियाहाट*

*एक सर्वयर को हमने हटा दिया है इस मामले की जांच करने के लिए मैं स्वयं जाऊंगा जांच के बाद दोषी पाए जाने पर समिति प्रबंधक और सर्वेयर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

***संजय चौरसिया,** तहसीलदार*


**मेट्रो एंकर**

## निर्वाचित होने के बाद सिर्फ एक बार आई जपं महिला सरपंच

# सरपंच प्रतिनिधि बनकर पंचायत चला रहे परिजन, भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही पंचायत?

## जनपद पंचायत में लगे सीसीटीवी कैमरे इस बात हैं गवाह



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जनपद पंचायत गंज बासौदा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत स्वरुप नगर में एक महिला सरपंच जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित हुई, क्योंकि ग्रामवासियों ने इन पर भरोसा रख कर अपने जनप्रतिनिधि के रूप चुना ताकि ग्राम पंचायत का विकास हो और महिला सशक्तिकरण को प्रभावी तरीके से प्रोत्साहन मिले।लेकिन ग्राम वासियों की उम्मीदों पर पानी उस वक्त फिर गया जब सरपंच के परिजन ने उसके अधिकारों का हनन किया और सरपंच के स्थान पर पर खुद कार्य करने लगे इस बात का प्रमाण जनपद पंचायत में लगे हुऐ वह सीसीटीवी कैमरे है जिन्हें किसी भी समय चौक किया जा सकता है कि सरपंच के रूप में निर्वाचित होने के बाद कितनी बार उक्त महिला सरपंच जनपद पंचायत में आयी। सरपंच को तो यह भी पता नहीं है कि ग्राम पंचायत में चल क्या रहा है। क्योंकि यह बात यहां इस लिये कहना पड़ रही है, सरपंच के परिजन जिस तरह से जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों को अपना समझ कर फिजूल खर्च कर रहे है। हजारों रुपये के फोटो कापी के एवं साफ सफाई के बिल लगा कर राशि का अहारण किया जा रहा है, यह तो भ्रष्टाचार की छोटी सी बानगी मात्र है क्योंकि ग्राम पंचायत के सीने में भ्रष्टाचार के राज दफन है, अगर जिम्मेदार अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुऐ ग्राम पंचायत की निष्पक्षता से जांच करायें तो ग्राम पंचायत के सीने में जो भ्रष्टाचार के राज दफन है सब एक एक कर के बाहर आ जायेंगे।

इसी तरह ग्राम पंचायत में कराये गये निर्माण कार्यों में मटेरियल बिना लैब टेस्टिंग के उपयोग किया गया,जब कि निर्माण सामग्री को उपयोग करने से पहले लैव में टेस्ट करना पड़ता है।

### इनका कहना है

जबकि सचिव से दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वह विदिशा गये हुऐ हैं वापस आ ने के बाद बात कर पायेंगे।

**मोहन विश्वकर्मा**, सचिव ग्राम पंचायत स्वरुप नगर जनपद पंचायत गंजबासौदा


दोपहर मेट्रो
Help Line

राम राजा सरकार जागरण ग्रुप

Arc & Structure
New Age Building Construction & It's Solution
• All type of Planning Work
• Residential, Commercial & Industrial Projects
• Structural, Elevation (2D & 3D) & Interior Designing
• Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, B-Sector Sarvdharm, Kolar Road Bhopal (M.P.)

# भाजपा नेता के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में तोड़फोड़ करने वालों का नहीं लगा सुराग

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आधा दर्जन बदमाश, दो संदेहियों से चल रही पूछताछ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टीला जमालपुरा इलाके में भाजपा नेता के घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों का अब तक सुराग नहीं लगा है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह वारदात कैद हुई है। घटना के समय आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश मौके पर मौजूद थे। पुलिस ने इस मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक हरिशंकर विश्वकर्मा (58) सूबेदार कालोनी टीला जमालपुरा में रहते हैं। वह केबल नेटवर्क चलाते हैं और भाजपा संगठन में पदाधिकारी भी हैं। गुरुवार रात करीब दस बजे हरिशंकर ने अपनी काले रंग की स्कार्पियो घर के बाहर खड़ी की अंदर चले गए। सुबह देखा तो उनकी कार का कांच टूटा मिला। सीसीटीवी कैमरे चैक करने पर रात करीब पौने दो बजे आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश कार के पास मौजूद दिखे। यह बदमाश पहले आपस में बातचीत कर रहे थे। इसके बाद एक बदमाश ने खंबे पर लगे फ्लैक्स को खींच कर फाड़ दिया और उसमें लगा लोहे का डंडा निकाल लिया। उसके कुछ देर बाद उसने स्कार्पियो के अगले कांच में राड मारकर उसे तोड़ डाला। कांच तोड़ने के बाद सभी बदमाश वहां से चले गए।


फाइल फोटो

### बदमाशों ने ली कार के डैस बोर्ड की तलाशी

हरिशंकर ने बताया कि कांच तोड़ने के बाद बदमाशों ने कार के डैस बोर्ड की तलाशी भी ली, लेकिन उसमें कुछ नहीं रखा। हालांकि खेतीबाड़ी होने के कारण वह अक्सर गांव आते-जाते रहते हैं। सुरक्षा के लिहाज से अपनी रिवाल्वर भी कार में रखते हैं, लेकिन आदर्श आचार संहिता के चलते फिलहाल रिवाल्वर थाने में जमा है। विश्वकर्मा का कहना है कि उनका मोहल्ले में किसी से कोई विवाद नहीं है, इसलिए अनुमान है कि उक्त वारदात चोरी की नीयत से अंजाम दी गई होगी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### फ्लेक्स और प्रिंटिंग का लिया था काम, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

# उधारी की रकम नहीं मिलने से दुखी प्रिंटिंग प्रेस के संचालक ने लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित बाबा शादी हॉल के पास प्रिंटिंग प्रेस का संचालन करते वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन परिजन और साथ काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने किसी कंपनी के लिए फ्लेक्स और प्रिंटिंग का काम किया था वहां से पैमेंट नहीं मिला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार रविंद्र कुशवाह पिता बलराम कुशवाह (55) ईडब्ल्यूएस करोंद में रहते हैं। उनकी एक प्रिंटिंग प्रेस एमपी नगर में है, जबकि दूसरी गौतम नगर में है। रविंद्र कुशवाह के पास प्रिंटिंग का काम अधिक होने के कारण वह रात में भी काम करते थे। उनके कर्मचारी महेंद्र अहिरवार ने बताया कि गुरुवार रात करीब दस बजे वह प्रिंटिंग प्रेस से काम करने के बाद घर चला गया था। शुक्रवार सुबह वह प्रिंटिंग प्रेस पहुंचा तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास करने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने खिड़की से झांककर देखा था। इस दौरान रविंद्र कुशवाह फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। महेंद्र अहिरवार ने बताया कि उन्होंने मालिक रविंद्र कुशवाह ने उधार रुपए लेकर एक कंपनी के लिए फ्लेक्स समेत अन्य मटेरियल तैयार किया था। माल लेने के बाद भी कंपनी पैमेंट नहीं कर रही थी। इसी बात से रविंद्र तनाव में रहने लगे थे।

## प्रेमपुरा घाट पर डूबने से युवक की मौत, दिल्ली से भोपाल शादी में शामिल होने आया था मृतक



कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रेमपुरा घाट पर डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना कल शुक्रवार शाम करीब पांच बजे के आसपास की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार धरमा जकनोरे जकनोरे पिता शरीफदास जकनोरे (35) दिल्ली में रहता था और उसकी नया बसेरा न्यू गवर्नमेंट स्कूल के पास ससुराल है। ससुराल में शादी होने के कारण वह अपने परिवार के साथ भोपाल आया था। शुक्रवार शाम धरमा अपने साले सोनू के साथ सैर सपाटा घूमने गया था। दोनों शराब के नशे में थे। इस दौरान धरमा ने तालाब में नहाने की इच्छा जताई और सोनू के साथ प्रेमपुरा पर नहाने उतर गया। गहरे पानी में जाने के कारण धरमा डूबने लगा था। सोनू ने शोर मचाया, लेकिन उस समय वहां कोई नहीं था। कुछ ही देर बाद सोनू की नजर नाविकों पर पड़ी और उसने नाविकों को घटना की जानकारी दी। नाविक ने तालाब में कूदकर धरमा को बाहर निकाल लिया था। सोनू अपने बेहनोई को लेकर हजेला अस्पताल पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।

# फर्जी कागजातों से जमानत लेने वाली महिला पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

एमपी नगर पुलिस ने फर्जी कागजातों से जमानत लेने वाली अज्ञात महिला गिरजाबाई के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक बीती 29 जनवरी 2024 को न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां एक महिला ने आपराधिक मामले में आरोपी की जमानत करवाई थी। जमानत के लिए उसने आनलाइन कागजात लगाए थे। कोर्ट की जांच में पता चला कि उक्त कागजात फर्जी हैं। इस पर न्यायालय के कर्मचारी सुधीर चौरसिया को अज्ञात महिला गिरजाबाई के खिलाफ केस दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस ने सुधीर की शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा से छेड़खानी, पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश, रिपोर्ट तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने भोपाल जिले के दो मामलों मे संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। पहला मामला भोपाल शहर के बैरसिया इलाके में बीते सोमवार को एक दसवीं कक्षा की छात्रा से मनचले द्वारा सरेराह छेड़खानी करने का है। पीड़ित छात्रा ने घटना के बाद अपने माता-पिता के साथ पुलिस थाने में पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले में आयोग ने पुलिस अधीक्षक, भोपाल (देहात) से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में में जवाब मांगा है। भोपाल शहर के बिलखिरिया स्थित एक निजी कॉलेज में काउंसलर का काम करने वाले एक युवक द्वारा कॉलेज की ही एक छात्रा की सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो वायरल करने की घटना सामने आई है। आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई के सम्बन्ध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

# मिस्त्री ने किया महिला मजदूर से दुष्कर्म

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बिलखिरिया पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर मिस्त्री के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी पिछले एक साल से महिला का शोषण कर रहा था। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक 29 वर्षीय महिला मूलतः छिंदवाड़ा की रहने वाली है। पिछले साल उसका अपने पति से विवाद हो या था। उसके बाद महिला भोपाल आ गई और बिलखिरिया इलाके में चल रहे एक



निमार्णाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार के पास काम करने लगी। उसी ठेकेदार के पास तुमेश साहू नामक एक युवक मिस्त्री का काम करता है। एक साथ काम करने के दौरान दोनों के बीच पहचान हो गई तो तुमेश ने महिला को शादी करने का झांसा दिया और उसका शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया। पिछले सप्ताह तुमेश महिला को बगैर बताए अपने गांव छत्तीसगढ़ चला गया। काफी प्रयास करने के बाद भी जब तुमेश से संपर्क नहीं हुआ तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ दुष्कर्म और जाति से अपमानित करने का मामला दर्ज करवा दिया। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# ई-रिक्शा से सवारी उतारने को लेकर हुआ विवाद, चाकू से कर दिया हमला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित प्रभात चौराहा पर ई रिक्शा से सवारी उतारने की बात को लेकर दो चालकों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक ई रिक्शा चालक ने दूसरे चालक पर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन पर हुए हमले को रोकने के प्रयास में रिक्शा चालक को बाएं हाथ में चाकू लगा है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आज शनिवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार फुजेल खान पिता मोहम्मद नफीस खान (24)गली नंबर-9, सुदामा नगर में रहता है और ई रिक्शा चलाता है। शुक्रवार शाम वह सवारी लेकर वह नादरा बस स्टैंड जा रहा था। प्रभात चौराहा पर उसने रिक्शा रोका और सवारी बिठाने लगा। इसी दौरान वहां आटो चालक चालक शाहरूख पहुंचा और ई रिक्शा से सवारी उतारकर अपने ई रिक्शा में बिठाने लगा। फुजेल ने शाहरुख का विरोध किया तो वह भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर शाहरुख ने चाकू निकालकर फुजेल पर चाकू से हमला कर दिया। फुजेल ने चाकू का हमला हाथ से रोका तो उसके बाएं हाथ में गंभीर चोट आई है।

## ऑटो और बाइक की भिड़ंत में घायल चार साल के मासूम की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया इलाके में ऑटो व बाइक की भिड़ंत में घायल हुए चार साल के मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गत 19 अप्रैल को तरावली गांव में रहने वाले ध्यान सिंह अपने 4 साल के बेटे लोकेश के साथ ऑटो में बैठकर विदिशा रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान ऑटो की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई थी। इस हादसे में लोकेश को गंभीर चोटें आई थीं। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां पर उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## खाना बनाते समय झुलसी महिला, इलाज के दौरान मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** घर में खाना बनाते समय एक महिला आग में झुलस गई थी। बेटी आई बचाने तो वह भी झुलस गई। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। ज्योति पत्नी विजय श्रीवास नारियलखेड़ा में परिवार के साथ रहती थी। घर में ज्योति और उसकी बेटी सलोनी थी। शाम को ज्योति ने खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस चूल्हा जलाने की कोशिश की, तो पहले से लीकेज हो रही गैस से आग भड़क उठी और वह झुलस गई।






**मेट्रो एंकर** | राजधानी के शिवालय पार्क फेस-2 में चोरी की वारदात

# प्रोफेसर के सूने मकान पर चोरों का धावा, हजारों रुपए के जेवरात चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** अयोध्या नगर थानांतर्गत शिवालय पार्क फेस-2 में रहने वाले संदीप पवार के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। संदीप एक निजी कॉलेज में प्रोफेसर हैं।


फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार बीती 17 अप्रैल को वह मकान पर ताला लगाकर बैतूल चले गए थे। गुरुवार को वापस लौटे तो मामले का खुलासा हुआ। इसी प्रकार प्रशांत कुंज अयोध्या नगर में रहने वाली किरण साहू के बैग से बदमाशों ने सफर के दौरान हजारों रुपये कीमत के जेवरात चोरी कर लिये। पिछले दिनों किरण अपने मायके आष्टा गई थी। गुरुवार को वह बस से नादरा बस स्टैंड पर उतरीं। वहां से अयोध्या नगर आटो में सवार होकर पहुंची। रास्ते में उनके बैग से जेवरात गायब हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

### खुले मकान से मोबाइल और 40 हजार चोरी

कोलार रोड थानांतर्गत दानिश कुंज में रहने वाले अमन जैन के खुले मकान से चोर एक मोबाइल फोन और 40 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। घटना गुरुवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे होना बताई गई है। इसी प्रकार अरेरा हिल्स थानांतर्गत भीमनगर झुग्गीबस्ती में रहने वाले सरयू कहार के घर से चोर टीवी और बर्तन समेत करीब सात हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022